1072
18/2/13

खण्ड - 6

बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

संख्या - 21, 22

एकादश

# बिहार विधान-सभा (वादवृत्त)

भाग - 1

**कार्यवाही प्रश्नोत्तर**

**तिथि - 23, 24 जुलाई, 1996 ई०**

## श्री मिश्र का स्थानान्तरण

2618. श्री सघनु भगत : क्या मंत्री, मानव विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार दस वर्ष से अधिक अवधि तक एक स्थान पर कार्यरत शिक्षकों को स्थानान्तरण करनेका प्रावधान है?

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय इमादपट्टी प्रखंड झंझारपुर में कार्यरत सहायक शिक्षक श्री कुलाधर मिश्र दिनांक 4 मार्च 71 से एक ही स्थान पर कार्यरत है?

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में इनका स्थानान्तरण अन्यत्र करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

श्री जय प्रकाश नारायण यादव : उत्तर स्वीकारात्मक है।

2- विभागीय पत्रांक 936 दिनांक 21-7-96 द्वारा जिला पदाधिकारी, मधुबनी को जनहित एवं छात्र हित में प्रश्नाधीन शिक्षक श्री कुलाधर मिश्र को पन्द्रह दिनों के अन्दर स्थानान्तरण करने हेतु निर्देश दिया गया है।

3.-उत्तर खंड-2 में सन्निहित है।

## शौचालयों का निर्माण

2619. श्री अवध बिहारी सिंह : क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आवासीय विद्यालय नेतरहाट (जि० पलामू) के छात्रावास संख्या 3,6 एवं शिक्षक आवास में शौचालय